कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश: दक्षिण- पश्चिम जिला
द्वारका न्यायालय, नई दिल्ली
नीलामी सूचना

जिला न्यायालय द्वारका के बेसमेंट एवं अन्य स्थानो में बेकार/ निष्क्रिय पड़ी वस्तुओं की नीलामी दिनांक **15. 09. 2026** को दोपहर **02:00** बजे प्रशासनिक खंड , भूतल, द्वारका न्यायालय परिसर में "जैसा है जहाँ है के आधार" पर की जाएगी। नीलाम की जाने वाली वस्तुएं एवं उनका आरक्षित मूल्य इस प्रकार है:-

क्रम संख्या	वस्तुओं का विवरण / मॉडल	मात्रा	आरक्षित मूल्य (प्रति पीस/ इकाई)	कुल राशि (₹)
1	फोटोकॉपियर मशीन	05	11,000/-	11,000/-
2	हॉट केस	21	50/-	1,050/-
3	बेंच	12	350/-	4,200/-
4	आगंतुक कुर्सियां (लोहा)	82	100/-	8,200/-
5	आगंतुक कुर्सियां (लकड़ी)	05	50/-	250/-
6	रिवॉल्विंग कुर्सियां (पीठासीन अधिकारी)	43	300/-	12,900/-
7	कंप्यूटर कुर्सी	22	150/-	3,300/-
8	सोफा (टू- सीटर स्टील)	08	350/-	2,800/-
9	सोफा (टू- सीटर लकड़ी)	05	150/-	750/-
10	सोफा (थ्री- सीटर लकड़ी)	08	200/-	1,600/-
11	क्लर्क टेबल	05	380/-	1,900/-
12	पूल कार वाहन मारुति **SX4 (DL- 1CM- 4245)**	01	30,000/-	30,000/-
कुल योग				₹ 77,950/-

उपरोक्त वस्तुओं के अतिरिक्त, लोहे के स्क्रैप [अलमारी **(01)**, बड़े रैक **(01)**, छोटे रैक **(01)**, छोटे रैक के टुकड़े **(10)** – कुल अनुमानित वजन **100** कि. ग्रा.] एवं स्टेनलेस स्टील नेम प्लेट्स/ पदनाम पट्टिकाएं [**79** नग **(20" x08")** एवं **13** नग **(14" x05")** – कुल अनुमानित वजन **58** कि. ग्रा.] को भी उनके वजन के अनुसार निम्नलिखित आरक्षित दरों पर नीलाम किया जाएगा:

- लोहा (स्क्रैप) : रु. **37/** - प्रति किलोग्राम
- स्टेनलेस स्टील स्क्रैप (नेम प्लेट्स) : रु. **80/** - प्रति किलोग्राम

लागू कर उपरोक्त आरक्षित मूल्य के अतिरिक्त देय होंगे। नीलामी में भाग लेने वाले प्रतिभागी को नीलामी के दिन यानी दिनांक **15. 09. 2026** को दोपहर **01:30** बजे से पहले रुपए **10,000/** - (वापसी योग्य बयाना राशि) अपने फोटो पहचान पत्र की प्रति के साथ शाखा प्रभारी, देख- रेख शाखा **(Care Taking Branch)**, द्वारका न्यायालय, नई दिल्ली को जमा करने होंगे। सफल बोलीदाता से बोली स्वीकृत होने पर कुल नीलामी मूल्य का **25%** नकद मौके पर ही जमा कराया जाएगा और शेष राशि नियमानुसार जमा कर वस्तुएं परिसर से हटानी होंगी।

इच्छुक बोलीदाता किसी भी कार्य दिवस पर दोपहर **02:00** बजे से **04:00** बजे के बीच वस्तुओं का निरीक्षण कर सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु आधिकारिक वेबसाइट **www. delhidistrictcourts. nic. in** देखें। नीलामी नीचे दिए गए नियमों एवं शर्तों के अधीन होगी।

(गौतम मनन)
अध्यक्ष, निराकरण बोर्ड
कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
दक्षिण- पश्चिम जिला, द्वारका न्यायालय, नई दिल्ली

comp KKD SND

कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश: दक्षिण- पश्चिम जिला
द्वारका न्यायालय, नई दिल्ली

To the Principal ... Dairy No. 2212
17 AUG 2026
कार्यालय प्रधान ... Karkardooma ...

नियम एवं शर्तें

1. निष्क्रिय/ बेकार वस्तुओं की नीलामी दिनांक **15. 09. 2026** को दोपहर **02:00** बजे प्रशासनिक खंड, भूतल, द्वारका न्यायालय परिसर में **"जैसा है जहाँ है के आधार"** पर की जाएगी।

2. सभी निष्क्रिय/ बेकार वस्तुओं का आरक्षित मूल्य नीलामी सूचना में दिए गए विवरण अनुसार निर्धारित किया गया है।

3. **बोली लगाने वाले प्रतिभागी को रुपए 10,000/ - (वापसी योग्य) बयाना राशि नकद में अपनी फोटो पहचान पत्र की प्रति के साथ शाखा प्रभारी, देख- रेख शाखा, द्वारका न्यायालय, नई दिल्ली को दिनांक 15. 09. 2026 को दोपहर 01:30 बजे से पूर्व जमा करनी होगी। हालांकि, यदि सफल बोली लगाने वाला बोली की रकम का 25% जमा करने से इनकार करता है, तो 10,000 रुपये की जमा राशि जब्त कर ली जाएगी।**

4. सफल बोलीदाता को जीएफआर- 2017 के नियम **220(iv)** के अनुसार बोली की स्वीकृति पर कुल बोली मूल्य का **25%** तुरंत नकद जमा करना होगा।

5. कुल नीलामी मूल्य की शेष राशि सफल बोलीदाता द्वारा तीन कार्य दिवसों (बैंक अवकाश को छोड़कर) के भीतर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश (दक्षिण- पश्चिम), द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली के पक्ष में तैयार डिमांड ड्राफ्ट (DD) के रूप में जमा करनी होगी। ऐसा न करने की स्थिति में जमा की गई **25%** राशि जब्त कर ली जाएगी।

6. भुगतान पूर्ण होने के सात दिनों के भीतर निष्क्रिय/ बेकार वस्तुओं को न्यायालय परिसर से हटाना अनिवार्य होगा।

7. निष्क्रिय/ बेकार वस्तुओं को हटाने के लिए सफल बोलीदाता स्वयं श्रमिक और परिवहन की व्यवस्था करेगा तथा इसका संपूर्ण खर्च स्वयं वहन करेगा।

8. निराकरण बोर्ड **(Condemnation Board)** का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा तथा बोर्ड बिना कोई कारण बताए नीलामी को रद्द करने का अधिकार रखता है।

9. निराकरण बोर्ड नीलामी की कार्यवाही के समय किसी भी नियम एवं शर्तों को जोड़ने या हटाने का अधिकार सुरक्षित रखता है जो सभी प्रतिभागियों के लिए बाध्यकारी होगा।

(गौतम मुनन)
अध्यक्ष, निराकरण बोर्ड
कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
दक्षिण- पश्चिम जिला, द्वारका न्यायालय, नई दिल्ली

33923 - 33957

संख्या:...../ देख- रेख शाखा/ द्वारका न्यायालय/ नई दिल्ली/ **2026** दिनांक: 14/8/... **2026**

प्रति सूचना एवं अनुपालन हेतु अग्रेषित:-

1. निजी सचिव, कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, दक्षिण- पश्चिम जिला, द्वारका न्यायालय, नई दिल्ली।
2. सभी शाखा प्रभारी, कंप्यूटर शाखा, दिल्ली/ नई दिल्ली के सभी जिला न्यायालय परिसर को इस अनुरोध के साथ कि नीलामी सूचना व नियम व शर्तें अपनी संबंधित वेबसाइट पर अपलोड करें।
3. सभी शाखा प्रभारी, देख- रेख शाखा (केंद्रीय, पश्चिमी, दक्षिणी, दक्षिण- पूर्व, शाहदरा, उत्तर- पूर्व, पूर्व, दक्षिण- पश्चिम, उत्तर- पश्चिम, उत्तर एवं राउज एवेन्यू कोर्ट परिसर) को इस अनुरोध के साथ कि नीलामी सूचना अपने न्यायालय परिसर के सूचना- पट्ट पर चस्पा करें।
4. सचिव, दिल्ली बार एसोसिएशन / द्वारका कोर्ट बार एसोसिएशन एवं दिल्ली के सभी बार एसोसिएशन को सूचना- पट्ट पर प्रदर्शित करने हेतु।
5. प्रभारी, नजारत शाखा, द्वारका न्यायालय को इस अनुरोध के साथ कि मायापुरी स्क्रैप मार्केट के प्रमुख स्थानों पर नीलामी नोटिस की प्रतियां चस्पा कराने हेतु संबंधित प्रोसेस सर्वर को निर्देशित करें।

शाखा प्रभारी (देख- रेख शाखा)
कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश (दक्षिण- पश्चिम)
द्वारका न्यायालय परिसर, नई दिल्ली